# कन्या महाविद्यालय में आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित



सीमा सन्देश संवाददाता

**कोटपूतली।** स्थानीय श्रीमती पानादेवी मोरीजावाला राजकीय कन्या महाविद्यालय में सोमवार को सरकार के निर्देशों के अनुसार सोशियल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में प्राचार्य कान्ता कामरा ने कहा कि नैक द्वारा महाविद्यालय के आगामी मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय के सतत विकास एवं गतिविधियों का डिजिटल एवं हार्ड कॉपी में प्रलेखन आवश्यक है। महाविद्यालय के प्रवेश वित्तीय, प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग किया जाता है जिससे कि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ कि संयोजक डॉ. संगीता सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय के द्वितीय चक के मूल्यांकन हेतु क्षमता निर्माण, सहभागिता, सर्वसहमति, पारदर्शिता एवं पर महाविद्यालय के गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है। शून्य व्यर्थ के सिद्धान्त आई.क्यू.ए.सी सदस्य, स्टेक होल्डर कैलाश चौधरी, के. एस. बायो फुड के संस्थापक ने कहा कि महाविद्यालय की छात्राओं के लिये कृषि के क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ अवसर उपलब्ध हैं। उन्होने कहा कि छात्राओं को वे कृषि उत्पादो के निर्यात, मूल्य संवर्धन जैविक खेती, छत एवं फ्लैट पर जैविक खेती का नि:शुल्क प्रशिक्षण देगे। उन्होने सलाह दी कि महाविद्यालय की जमीन का सदुपयोग जैविक खेती,फलदार वृक्ष एवं औषधीय पेड़-पौधे लगाकर करें।

हंस महाविद्यालय के उपनिदेशक उमेश बंसल ने कहा कि वे छात्राओं एवं स्टाफ के लिये सूचना प्रौद्योगिकी का प्रशिक्षण एवं साथ ही उनके होटल उद्योग के अर्न्तगत हॉस्पिटेलिटी के प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करवायेंगे। पूर्व छात्रा अनिता बसंल, मंजू मीणा एवं सन्जु सोनी ने कहा कि छात्राओं की रुचि के अनुरुप केरियर प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जाए छात्राये अपने हुनर के अनुरुप कार्य कर सके, एसे प्रशिक्षण की व्यवस्था महाविद्यालय द्वारा की जायें। छात्रा सायना ने कहा कि प्रशिक्षक की नियुक्ति हो एवं सभी विषय स्नातकोत्तर पाठ्यकम खोले जायें। खेल-कूद के शारिरक कार्यक्रम के अन्त में डॉ. अजीत कुमार शर्मा ने सभी का धन्यवाद दिया एवं कहा कि उधोगो के साथ सहयोग से छात्राओं को लाभ मिलेगा बैठक में समिति के सदस्य डॉ. रेनू माथुर, डॉ. हरीश चन्द, डॉ. सुमन भाटिया, डॉ. भावना चौधरी, डॉ. गुंजन भटट, विशम्भर दयाल, डॉ. कमलेश यादव, डॉ. रमेश चन्द शर्मा, कल्पना केसोट, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. रेनू गुप्ता, रोशन लाल जितेन्द्र कुमार शर्मा, अविनाश शर्मा एवं शम्भू दयाल उपस्थित रहें।

की संख्या एक तरफा रहता आई है। पंजीयन करवाने के लिए महिलाओं

## कॉलेज की आंतरिक गुणवत्ता पर मंथन



**कोटपूतली।** राजकीय पाना देवी कन्या महाविद्यालय में सोमवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान प्राचार्य कान्ता कामरा ने कहा कि नैक द्वारा महाविद्यालय के आगामी मूल्यांकन हेतु महाविद्यालय के सतत विकास एवं गतिविधियों का डिजिटल एवं हार्ड कापी में प्रलेखन आवश्यक है। महाविद्यालय के प्रवेश, वित्तीय, प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य में सूचना प्रद्यौगिकी का प्रयोग किया जाता है, जिससे कि पारदर्शिता सुनिष्चित हो सके। गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. संगीता सिन्हा ने कहा कि कॉलेज के द्वितीय चक्र के मूल्यांकन हेतु क्षमता निर्माण, सहभागिता, सर्वसहमति, पारदर्शिता एवं शून्य व्यर्थ के सिद्धांत पर महाविद्यालय के गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है। हंस महाविद्यालय के कार्यकारी निदेशक उमेश बंसल ने कहा कि वे छात्राओं एवं स्टाफ के लिए सूचना प्रद्यौगिकी का प्रशिक्षण एवं साथ ही उनके होटल उद्योग के अर्न्तगत हॉस्पिटेलिटी के प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान करवाएंगे। कार्यक्रम में कमेटी के सदस्य कैलाश चौधरी, पूर्व छात्रा अनिता बसंल, मंजू मीणा, संजू सोनी, सायना ने भी विचार रखे। अंत में डॉ. अजीत शर्मा ने आभार प्रकट किया।

## महाविद्यालय के मूल्यांकन के लिए सतत विकास जरूरी : प्राचार्य

### प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित

**कोटपूतली @ पत्रिका.** राजकीय पानादेवी मोरीजावाला कन्या महाविद्यालय में सोमवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक प्राचार्य कांता कामरा की अध्यक्षता में हुई। कामरा ने कहा कि नैक द्वारा महाविद्यालय के आगामी मूल्यांकन के लिए सतत विकास आवश्यक है। महाविद्यालय के प्रवेश, वित्तीय, प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य में सूचना प्रौद्योगिकी का प्रयोग जरूरी है जिससे कि पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके। गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. संगीता सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय के द्वितीय चक्र के मूल्यांकन के लिए क्षमता निर्माण, सहभागिता, सर्वसहमति व पारदर्शिता के सिद्धांत पर महाविद्यालय के गतिविधियों का आयोजन जरूरी है। प्रगतिशील किसान कैलाश चौधरी ने कहा कि कृषि उत्पादों के निर्यात, मूल्य संवर्धन जैविक खेती, छत एवं फ्लेट पर जैविक खेती का निःशुल्क प्रशिक्षण देंगे। हंस महाविद्यालय के उप निदेशक उमेश बंसल ने छात्राओं एवं स्टाफ को सूचना प्राद्योगिकी के प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाने की बात कही। पूर्व छात्रा अनिता बसंल, मंजू मीणा, सायना एवं संजु सोनी ने कहा कि छात्राओं की रुचि के अनुरूप करियर प्रशिक्षण की सुविधा प्रदान की जानी चाहिए। डॉ. अजीत कुमार शर्मा ने कहा कि इससे छात्राओं को लाभ मिलेगा। बैठक में डॉ. रेनू माथुर, डॉ. हरीश चन्द, डॉ. सुमन भाटिया, डॉ. भावना चौधरी, डॉ. गुंजन भट्ट व विशम्भर दयाल मौजूद रहे। (नि.सं.)

# छात्राओं ने कहा- महाविद्यालय में छात्राओं की रुचि के अनुरूप हो कॅरियर प्रशिक्षण की सुविधा

### कोटपूतली के पानादेवी कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की बैठक

**भास्कर न्यूज | कोटपूतली**

राजकीय पानादेवी कॉलेज में सोमवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ की प्राचार्य कांता कामरा की अध्यक्षता में बैठक हुई। कहा कि नैक द्वारा महाविद्यालय के आगामी मूल्यांकन के लिए कॉलेज के सतत विकास एवं गतिविधियों का डिजिटल एवं हॉर्ड कॉपी में प्रलेखन आवश्यक है। साथ ही महाविद्यालय में प्रवेश, वित्तीय प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य में सूचना प्रोद्यौगिकी का प्रयोग किया जाएगा ताकि पादर्शिता सुनिश्चित हो सके। संयोजिका डॉ. संगीता सिन्हा ने कहा कि महाविद्यालय के मूल्यांकन के लिए क्षमता निर्माण, सहभागिता, पारदर्शिता के आधार पर महाविद्यालय में गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है। कैलाश चौधरी ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में अनेक अवसर उपलब्ध है। इसलिए छात्राएं ऐसे प्रशिक्षणों में भाग ले। उन्होंने कृषि उत्पादों के निर्यात, मूल्य संवर्द्धन, जैविक खेती, छत एवं फ्लैट पर जैविक खेती का निशुल्क प्रशिक्षण देने की घोषणा की। हंस कॉलेज के निदेशक उमेश बंसल ने छात्राओं एवं स्टॉफ के लिए होटल उद्योग के तहत प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करवाने की घोषणा की। पूर्व छात्रा अनिता बंसल, मंजू मीणा एवं संजू सोनी ने कहा कि



कोटपूतली। पानादेवी कॉलेज में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ बैठक में उपस्थित अतिथि।

महाविद्यालय में छात्राओं की रुचि एवं उनके हुनर के अनुरूप प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। छात्रा सायना ने महाविद्यालय में खेलकूद के शारीरिक शिक्षक की नियुक्ति करने के अलावा पीजी स्तर के सभी विषय खोलने की मांग की। डॉ.अजीत कुमार शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ. रेणू माथुर, डॉ. हरिशचंद, डॉ. सुमन भाटिया, डॉ. भावना चौधरी, डॉ. गुंजन भट्ट, विशंभरदयाल, डॉ. कमलेश यादव, डॉ. रमेश चंद शर्मा, कल्पना केसोट, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. रेणू गुप्ता, रोशनलाल, जितेन्द्र कुमार शर्मा, अविनाश शर्मा, शिंभुदयाल आदि उपस्थित थे।